उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001
हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, +91–9151024463
Website:www.upsmfac.org Email-upmedicalfaculty@upsmfac.org

पत्रांक संख्या–8616/26 दिनांक 17.11.26

अनुस्मारक–3
अति महत्वपूर्ण/समयबद्ध

सेवा में,

प्रबंधक/प्रधानाचार्य,
समस्त नर्सिंग डिप्लोमा एवं
समस्त सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख–रेख (पैरामेडिकल) डिप्लोमा प्रशिक्षण केन्द्र (निजी क्षेत्र)
उत्तर प्रदेश।

विषय–**नर्सिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रमों एवं सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख–रेख (पैरामेडिकल) डिप्लोमा पाठ्यक्रमों तथा डिप्लोमा इन फार्मेसी सहित निजी क्षेत्र के प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2026–27 के नवप्रवेशित अभ्यर्थियों के ऑन–लाइन इनरोलमेन्ट के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश।**

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र संख्या–7948/26 दिनांक 22.10.2026, पत्र संख्या–8016/26 दिनांक 27.10.2026 एवं पत्र संख्या–8102/26 दिनांक 28.10.2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

उक्त के क्रम में नर्सिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रमों एवं सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख–रेख (पैरामेडिकल) डिप्लोमा पाठ्यक्रमों तथा डिप्लोमा इन फार्मेसी सहित निजी क्षेत्र के प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रशिक्षण सत्र **2026–27** में नवप्रवेशित अभ्यर्थियों के ऑन–लाइन इनरोलमेन्ट करने हेतु अन्तिम अवसर दिनांक 17.11.2026 से दिनांक 20.11.2026 तक प्रदान किया जाता है।

पोर्टल पर इनरोलमेंट सभी शैक्षिक प्रमाण–पत्रों (हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट के रंगीन प्रमाण–पत्र जो स्पष्ट पठनीय हों) तथा प्रधानाचार्य द्वारा सत्यापित छात्र/छात्राओं के फोटो एवं हस्ताक्षर ब्लॉक के साथ इनरोलमेंट करने की प्रक्रिया **दिनांक 20.11.2026** तक पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें एवं कार्यवाही न किये जाने की दशा में सम्बन्धित प्रशिक्षण केन्द्र स्वयं जिम्मेदार होगा।

भवदीय,

(डा0 अनुराग श्रीवास्तव)
सचिव।